भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 952**
(जिसका उत्तर सोमवार, 2 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है)

## निफ्टी 50 के लिए अतिरिक्त ट्रेडिंग सेशन

**952. श्री राजकुमार रोत:**
क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या त्योहारों और विशेष अवसरों के दौरान आम जनता के लिए प्रात: 9.15 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक निर्धारित समय के अलावा सूचकांक निफ्टी 50 का पृथक सत्र आयोजित किया जाता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का बढ़ती अर्थव्यवस्था और आम जनता की लंबे समय से लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए सामान्य सत्र की तरह सायंकाल में एक सत्र शुरू करने का विचार है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक लागू किया जाएगा तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क): शेयर बाजार के लिए कारोबार के घंटे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनिर्दिष्ट किए गए हैं। बाजार प्रतिभागियों को पर्याप्त सूचना देने के पश्चात, दिवाली के दौरान 'मुहूर्त' कारोबार के रूप में एक्सचेंजों द्वारा विशेष कारोबार सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, अप्रत्याशित घटनाओं से निपटने के लिए बाजार अवसंरचना संस्थानों (एमआईआई) की तैयारी का परीक्षण करने के लिए दिनांक 02 मार्च, 2024 और दिनांक 18 मई, 2024 को दो विशेष कारोबार सत्र आयोजित किए गए।

(ख) और (ग): वर्तमान में, ऐसा कोई भी प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है।

***